रोष मानदेय में वार्षिक वृद्धि रोके जाने व एरियर भुगतान नहीं होने से उपजा आक्रोश

उप मुख्यमंत्री ने जगाई उम्मीद, जूडा की 16 मार्च तक टली हड़ताल

नवभारत,जबलपुर। मानदेय की वार्षिक वृद्धि रोके जाने और एरियर के भुगतान न होने की वजह से जबलपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों में सरकार और मेडिकल प्रशासन के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सोमवार को जूनियर डॉक्टरों ने मेडिकल डीन को पत्र सौंपकर अल्टीमेटम भी दे दिया है कि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं होतीं तो मेडिकल के सभी जूनियर डॉक्टर्स 16 मार्च से हड़ताल पर चले जाएंगे। जूडा के इस अल्टीमेटम ने मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं को खतरे में डाल दिया है जिसको लेकर मेडिकल प्रशासन भी चिंतित हो चुका है।

जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन, मप्र के अध्यक्ष डॉ महेंद्र प्रताप व जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन जबलपुर के अध्यक्ष डॉ. शुभांशू शर्मा ने नवभारत को बताया कि उप मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला से मिले आश्वासन के बाद प्रस्तावित हड़ताल को 16 मार्च तक स्थगित कर दिया गया है। क्योंकि उप मुख्यमंत्री ने मानदेय में वार्षिक वृद्धि और लंबित एरियर के भुगतान की मांगों पर 5 से 7 दिन के अंदर ठोस निर्णय सामने लाने की बात कही है। जानकारी के अनुसार सोमवार को मेडिकल के जूनियर डॉक्टरों का समूह उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला से मुलाकात करने उनके पास पहुंचा और उन्होनें मांग की कि जूनियर डॉक्टरों के मानदेय की वार्षिक वृद्धि को शुरू किया जाए और वर्ष 2025 से लेकर अभी तक के बीच का एरियर भुगान उन्हें किया जाए। जिस पर उप मुख्यमंत्री ने जूनियर डॉक्टरों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों का जल्द निराकरण किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद जूनियर डॉक्टर वापस मेडिकल अस्पताल आ गए थे। उप मुख्यमंत्री के इस आश्वसन के बाद मप्र के जूनियर डॉक्टरों के साथ जबलपुर के जूनियर डॉक्टरों ने फैसला लिया कि वे अपनी प्रस्तावित हड़ताल 16 मार्च तक स्थगित रखेंगे। यदि 16 मार्च तक उनकी मांगों पर कोई निर्णय नहीं लिया गया तो जूनियर डॉक्टर्स हड़ताल पर जाने बाध्य रहेंगे।

ये है मामला

जानकारी के अनुसार राज्य सरकार द्वारा मानदेय में वार्षिक वृद्धि का प्रावधान था जिसे वर्ष 2021 से लेकर 2024 तक लागू किया गया। लेकिन वर्ष 2025 से मानदेय में 3 से 4 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि को प्रशासनिक उदासीनता के चलते रोक दिया गया। इसी को लेकर जूनियर डॉक्टर अब हड़ताल पर जाने की बात कहते नजर आ रहे हैं।

डीन को सौंपा गया चेतावनी पत्र

जूनियर डॉक्टर एसोएिशन जबलपुर के अध्यक्ष डॉ. शुभांशु शर्मा ने नवभारत को बताया कि सोमवार को मेडिकल डीन डॉ. नवनीत सक्सेना को पत्र सौंपा गया है जिसमें उन्हें बताया गया है कि कुछ दिन तक बस मेडिकल के जूनियर डॉक्टर इंतजार करेंगे , अगर इस बीच में उनकी मांगें पूरी हो जातीं हैं तो सब ठीक होगा नहीं तो मेडिकल के सभी जूनियर डॉक्टर्स 16 मार्च से हड़ताल पर चले जाएंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार और मेडिकल प्रशासन की होगी। श्री शर्मा ने यह भी बताया कि लंबित मानदेय की वार्षिक वृद्धि की मांग को लेकर पिछले दो दिन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जूनियर डॉक्टर्स विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर काम कर रहे हैं। हालांकि प्रस्तावित हड़ताल में जूनियर डॉक्टर द्वारा ओपीडी और रेगुलर मरीजों की सुविधा को पूरी तरह बंद रखा जाएगा , इस दौरान सिर्फ इमरजेंसी ओपीडी और इमरजेंसी ऑपरेशन सुविधा बस शुरू रहेगी।

कर्मियों को अतिरिक्त काम का मिलेगा ओवरटाइम

जबलपुर, नवभारत। पटरियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले लाखों ट्रैक मेंटेनर्स और इंजीनियरिंग विभाग केकर्मचारियों को अब मानसून और भारी बारिश के दौरान रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) जैसे संवेदनशील स्थानों परआठ घंटे की सामान्य शिफ्ट के बाद 4 घंटे की अतिरिक्त सेवा देने पर समयोपरि भत्ता (ओवरटाइम एलाउंस) काभुगतान किया जाएगा। रेलवे के इस निर्णय से पमरे सहित देश भर के 3 लाख ट्रैक मेंटेनेंर्स व इंजीनियरिंग स्टाफको इसका लाभ मिलेगा।

जयपुर से हुई शुरुआत

मानसून के दौरान कठिन परिस्थितियों में ड्यूटी करने वाले ट्रैक मेंटेनर्स और इंजीनियरिंग स्टाफ इसी वर्ष से इसकालाभ प्राप्त कर सकेंगे। इस ऐतिहासिक फैसले की शुरुआत उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल से हुई है। जिसकेबाद पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर सहित सभी रेल जोनों में इसे क्रियान्वित किया जा रहा है। बता दें कि रेल मंडलो मेंसैकड़ों कर्मचारी केवल आरयूबी और बाढ़ संभावित इलाकों में 24 घंटे

निगरानी के लिए तैनात किए जाते हैं।देशभर के सभी मंडलों को मिलाकर यह संख्या करीब 1.5 लाख से 2 लाख कर्मचारियों तक पहुंच जाती है, जिन्हेंअब शिफ्ट के अतिरिक्त काम करने पर ओवरटाइम मिलेगा।

प्रक्रिया होगी पारदर्शी

रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह भुगतान पूरी तरह से पारदर्शी होगा। प्रत्येक कर्मचारी द्वारा किए गएअतिरिक्त घंटों का रिकार्ड मस्टर रोल में दर्ज किया जाएगा और उसी के आधार पर भत्ते की गणना की जाएगी। यहराशि सीधे कर्मचारियों के वेतन के साथ उनके बैंक खातों में जमा की जाएगी, जिससे बिचौलियों या देरी कीगुंजाइश खत्म हो जाएगी। आंकड़ों के अनुसार भारतीय रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग में वर्तमान में लगभग 3 लाख 20 हजार से अधिक ट्रैकमेंटेनर्स कार्यरत हैं।

संस्कारधानी में गूंजेगा प्राकृतिक खेती और श्रीअन्न का जयघोष

आज रोड शो के साथ तीन दिवसीय विशाल कृषि मेला की होगी शुरुआत

नवभारत,जबलपुर। कृषि के क्षेत्र में पारंपरिक शुद्धता और आधुनिकता के संगम को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से मंगलवार 10 मार्च को संस्कारधानी जबलपुर में विशाल रोड शो (बाइक रैली) का आयोजन किया जायेगा। कृषि वर्ष-2026 के उपलक्ष्य में आयोजित किये जा रहे रोड शो का मुख्य उद्देश्य किसानों और आम नागरिकों को श्रीअन्न (मोटे अनाज) के उपयोग से होने वाले फायदों, प्राकृतिक एवं जैविक खेती की महत्ता तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करना है। रोड शो का शुभारंभ सुबह 10 बजे कलेक्टर कार्यालय से होगा। कोदो, कुटकी, ज्वार और बाजरा जैसे मोटे अनाजों को थाली में वापस लाने की मुहिम तथा खेती के भविष्य की एक झलक दिखाने आयोजित किये जा रहे रोड शो के माध्यम से मिट्टी की उर्वरता बचाने के लिए प्राकृतिक और जैविक खाद के उपयोग एवं कम लागत में अधिक मुनाफे के लिए आधुनिक कृषि यंत्रों और तकनीकों की जानकारी नागरिकों तक पहुंचाई जायेगी।

रोड शो (बाईक रैली) कलेक्ट्रेट से प्रारंभ होकर घंटाघर, बड़ी ओमती, सिविक सेंटर, मालवीय चौक, गोल बाजार, रानीताल, मदनमहल स्टेशन रोड, होम साइंस कॉलेज, शास्त्री ब्रिज, आदि शंकराचार्य चौक, बंदरिया तिराहा, हवाबाग कॉलेज, सदर, पेंटी नाका चौराहा, एंपायर टॉकीज, सर्किट हाउस नंबर दो तथा इंदिरा मार्केट होते हुये पुलिस हॉकी ग्राउंड पहुँचेगी। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा रोड शो (बाईक रैली) 11 से 13 मार्च तक पुलिस लाइन के हॉकी ग्राउंड में होने वाले तीन दिवसीय विशाल कृषि मेला एवं मिलेट्स फूड फेस्टिवल की भव्य शुरुआत का एक हिस्सा होगा।

नशे में धुत युवक की संदिग्ध मौत

जबलपुर । नशे में धुत एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ग्वारीघाट पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली कि सुनील पटेल 35 वर्ष निवासी खेरमाई मंदिर के पास ग्वारीघाट को नशे की हालत में उपचार के लिए भाई अरविंद कुमार एवं जीजा नंद किशोर द्वारा भर्ती कराया गया था जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि मौत किन कारणों से हुई इसका पता नहीं चल सका है । पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

युवकों को घेर मारा चाकू, बाइक में भी की तोड़फोड़

नवभारत, जबलपुर। गोहलपुर थाना अंतर्गत अमखेरा रोड पर पुरानी रंजिश को लेकर दो बदमाशों ने तीन युवकों को घेरकर उन पर चाकू से हमला कर दिया। वारदात उस वक्त हुई जब युवक अपने दोस्त का जन्मदिन मनाने उसके घर जा रहे थे। हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार कुदवारी निवासी 16 वर्षीय दिव्यांश केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने साथी कृष्णा बर्मन और दीपक साहू के साथ दोस्त पंकज का जन्मदिन मनाने अमखेरा रोड स्थित गुप्ता मोहल्ला जा रहा था। जैसे ही वे पंकज के घर के पास पहुँचे, वहां पहले से मौजूद परिचित संजय चौधरी और रंजीत चौधरी ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने पुरानी बुराई को लेकर विवाद कर रुपयों की मांग की। पैसे देने से मना करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान संजय चौधरी ने चाकू निकालकर कृष्णा बर्मन की कमर पर हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। बीच-बचाव के दौरान दीपक साहू भी गिरकर चोटिल हो गया। शोर सुनकर जब पंकज घर से बाहर निकला, तो आरोपी कृष्णा की मोटरसाइकिल में तोड़फोड़ करते हुए मौके से भाग निकले। घायल कृष्णा को तत्काल विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

दुकान संचालक पर धारदार हथियार से हमला

बेलबाग थाना क्षेत्र में बदमाशों ने युवक के साथ मारपीट करने के बाद धारदार हथियार से हमला कर चोट पहुंचा दी । पुलिस के मुताबिक आशीष सोनी 38 वर्ष निवासी शांतिनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मन्नूलाल अस्पताल में पास की दुकान चलाता है उसकी पत्नी आरती सोनी बेलबाग तिराहा के पास पारो बाई के बाड़ा में रहती है। वे पारो बाई का बाड़ा बेलबाग गया था। पत्नी के साथ घर के अंदर बातचीत कर रहा था तभी पारो बाई के बाड़ा में रहने वाला लक्ष्य सोनी, दीपक एवं सागर घर के अंदर घुस आये और उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो तीनों ने उसके साथ मारपीट की। लक्ष्य ने धारदार हथियार से हमला कर उसे चोट पहुंचा दी।

आशीष दुबे ने रेल मंत्री वैष्णव का जताया आभार

जबलपुर, नवभारत। जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद आशीष दुबे ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर समूचे जबलपुर संसदीय क्षेत्र की ओर से जबलपुर-गोंदिया ब्रॉडगेज लाईन के दोहरीकरण को स्वीकृति देने के लिये धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया। श्री दुबे ने रेल मंत्री वैष्णव से कहा कि महाकौशल अंचल की बहुप्रतीक्षित आवश्यकता और मांग को स्वीकृति मिलने से महाकौशल क्षेत्र के विकास का नया अध्याय लिखा जाने वाला है। उन्होंने श्री वैष्णव को इस बात के लिये भी धन्यवाद दिया कि दोहरीकरण कार्य के लिये स्वीकृत 5236 करोड़ रूपये परियोजना लागत के अतिरिक्त 450 करोड़ रूपये वन्य जीवों की सुरक्षा और आवागमन के लिये पर्यावरण एवं प्रकृति अनुकूल अंडरपास बनाने के लिये स्वीकृत किये गये हैं जो इस परियोजना की महत्वपूर्ण विशेषता है।

पर्यटन सहित अन्य क्षेत्रों को मिलेगा बढ़ावा

गौरतलब है कि सांसद आशीष दुबे अपने कार्यकाल के प्रारंभ से ही जबलपुर-गोंदिया ब्रॉडगेज रेल मार्ग के दोहरीकरण की बात संबंधित विभिन्न मंचों पर रखते आये हैं जिसका परिणाम है कि पिछले दिनों केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस कार्य को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस मार्ग के दोहरीकरण से जहां एक ओर सुगम, त्वरित और नयनाभिराम अतिरिक्त रेल मार्ग उपलब्ध होगा वहीं क्षेत्र के विकास की गति को भी नया आयाम मिल सकेगा।

इस मार्ग के दोहरीकरण से बड़ी संख्या में यात्री और मालवाहक रेलगाडियों का परिचालन संभव हो सकेगा और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा जबलपुर गोंदिया ब्रॉडगेज मार्ग का दोहरीकरण होने से इस पूरे क्षेत्र में स्थित आर्थिक केंद्रों की क्षमता बढ़ेगी, लॉजिस्टिक लागत कम होने से महत्वपूर्ण राशि की बचत होगी और रेल विभाग की मालवाहक क्षमता भी काफी बढ़ जायेगी। इसका दूसरा लाभ कार्बन उत्सर्जन कम होने के रूप मे सामने आयेगा।

फिजियोथेरेपिस्ट के सूने घर में चोरी

जबलपुर । गोहलपुर थाना अंतर्गत अमखेरा कुदवरी में फिजियोथेरेपिस्ट के सूने मकान का चोरों ने तोड़कर जेवरात, नगदी पार कर दी । पुलिस के मुताबिक सोमवार दोपहर डॉ. नंदनी सोनी 29 वर्ष निवासी लक्ष्मीनारायण परिसर अमखेरा कुदवारी का फिजियोथेरेपिस्ट है। तीन मार्च को घर में ताला लगाकर परिवार सहित अपने गांव बुढ़ानपुर कोतमा जिला नरसिंहपुर गया था। जब वे वापिस लौटा तो घर का ताला टूटा था। सामान बिखरा पड़ा था । मेन गेट का कुंदा एवं ताला टूटा था कमरे के दरवाजे का कुंदा टूटा हुआ था बेडरूम में रखी आलमारी का ताला एवं लॉकर टूटे हुये लॉकर में रखे सोने चांदी के जेवरात, नगदी 55 हजार गायब थे ।

कातिल और मृतिका की नहीं हुई पहचान

जबलपुर। लार्डगंज थाना अंतर्गत रानीताल ईदगाह के पास गला रेतकर की गई महिला की हत्या की गुत्थी उलझ गई है। अब तक न तो कातिल का पता लग सका है और न ही मृतिका की पहचान हो सकी है। हालांकि पुलिस छानबीन में जुट गई है। गुमशुदगी रिकॉर्ड को भी खंगाला गया लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई अब पुलिस ने आसपास के जिलों की पुलिस को भी मृतिका की फोटो शेयर की है। इसके साथ ही हर एंगल पर पतासाजी की जा रही है। विदित

हो कि रानीताल ईदगाह के पास रविवार सुबह एक महिला का शव पड़ा मिला था । मृतिका की धारदार हथियार से हमला कर हत्या की गई थी। जिसकी गर्दन और पेट में चोट के निशान मिले थे। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया था। हत्या किसने और किन कारणों से की है एवं मृतिका कौन है एवं कहां की रहने वाली है इसका भी पुलिस पता नहीं लगा पाई है। टीआई नवल सिंह आर्य ने बताया कि मृतिका की उम्र लगभग 30 वर्षीय है। जिसकी शिनाख्तगी के प्रयास जारी है। गुमशुदगी रिकॉर्ड भी खंगाल रही है लेकिन अब तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे है। हत्या की गुत्थी सुलझाने पुलिस हर एंगल पर तफ्तीश कर रही है ।

अधेड़ ने जहर खाकर दी जान, छानबीन में जुटी पुलिस

नवभारत, जबलपुर। घमापुर निवासी अधेड़ ने जहरीली वस्तु का सेवन कर आत्महत्या कर ली। मृतक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घमापुर

निवासी कमलेश कुमार कुशवाहा (48) बिजली कर्मी हैं, बीती रात करीब 8:30 बजे जब वह अपने दोस्त के घर पर था, तभी उसकी पत्नी ने फोन कर जानकारी दी कि उनके बड़े भाई यशवंत कुमार कुशवाहा (54) अचानक बेहोश हो गए हैं। परिजनों ने आनन-फानन में पड़ोसियों की मदद से यशवंत को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान यशवंत ने डॉक्टर को बताया कि उसने सल्फास का सेवन कर लिया है। डॉक्टरों के काफी प्रयासों के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका और रात लगभग 10:50 बजे उनकी मौत हो गई। सोमवार को मृतक के भाई की सूचना पर घमापुर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

गेहूं उपार्जन का पंजीयन करने आज आखिरी दिन

जिले में अब तक करीब 30 हजार किसानों ने कराया पंजीयन

नवभारत, जबलपुर। रवि विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए किसानों के पंजीयन कराने के लिए आज अंतिम दिन है। विदित है कि राज्य शासन ने किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पहले 7 मार्च तय की गई अंतिम तिथि को बढ़ाकर 10 मार्च कर दिया था। निर्धारित समय सीमा के भीतर जिले के किसान पंजीयन कराकर समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेच सकेंगे।

जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार अब तक लगभग 30 हजार किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के

लिए अपना पंजीयन करा लिया है।

सर्वर ठप होने से बढ़ी किसानों की परेशानी

गौरतलब है कि पिछले लगभग एक सप्ताह से सर्वर डाउन रहने के कारण कई किसानों को पंजीयन कराने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पंजीयन से वंचित किसान कलेक्ट्रेट और संबंधित कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

शनिवार को भी अवकाश होने के बावजूद खाद्य शाखा के अधिकारी-कर्मचारी कार्यालय में मौजूद रहे, जहां बड़ी संख्या में किसान पंजीयन कराने पहुंचे। हालांकि सर्वर बार-बार ठप होने के कारण किसानों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है।

पहल नगर निगम की वर्कशॉप में बनाए गए वाटर मिस्ट टॉवर, व्यस्ततम 3 चौराहों में आ रहे नजर

धूल हटाने, ऑक्सीजन लेवल ठीक करने लगाए गए 3 वाटर मिस्ट टॉवर

नवभारत,जबलपुर। शहर के व्यस्ततम चौराहों से धूल मिटाने और ऑक्सीजन लेवल ठीक करने के उद्देश्य से नगर निगम ने 3 प्रमुख चौराहों में तीन वाटर मिस्ट टॉवर लगा दिए हैं। ये वाटर मिस्ट टॉवर नगर निगम की वर्कशॉप में बनाए गए फिर उसके बाद उसे चौराहों में स्थापित किया गया।

नगर निगम वर्कशॉप के कार्यपालन यंत्री जीएस मरावी ने नवभारत को बताया कि अभी तक तीन पत्ती चौक, मालवीय चौक, कलेक्ट्रेट चौक में वाटर मिस्ट टॉवर लगा दिए गए हैं, इनमें से तीन पत्ती चौक का वाटर मिस्ट टॉवर चालू कर दिया गया है जबकि मालवीय चौक, कलेक्ट्रेट चौक में लगे वाटर मिस्ट टॉवर को

एक से दो दिन में चालू कर दिया जाएगा। श्री मरावी के अनुसार आने वाले दिनों में शहर के अन्य सबसे व्यस्ततम चौराहों में इस टॉवर को स्थापित करने 2 और नए वाटर मिस्ट टॉवर बनाए जाएंगे।

क्या है वाटर मिस्ट टॉवर ...

यह एक लंबा टावर होता है जिसमें चारों तरफ रिंग लगे हुए होते हैं और इन्हीं रिंग के माध्यम से पानी चारों तरफ फॉग करता है। इसके माध्यम से की गई फॉगिंग से जहां जहां धूल होती है वह हट जाती है और शहरवासियों को जो धूल की वजह से सांस लेने में दिक्कत होती है , यह होना बंद हो जाता है। एक वाटर मिस्ट टावर की लागत करीब 20 हजार रुपए है जिसमें एक हजार लीटर की पानी की टंकी कनेक्टेड रहती है। टंकी के अंदर पनडुब्बी लगी हुई होती है जिससे पानी सर्कुलेट होता है। जानकारी के अनुसार वाटर मिस्ट टॉवर में पानी की टंकी भरने की जिम्मेदारी फायर ब्रिगेड अमले को दी गई है। वाटर मिस्ट टॉवर को चलाने के लिए पानी को साफ रखना बेहद जरूरी होता है जिससे नोजल जाम न हो, इसके लिए अक्सर फिल्टर का उपयोग किया जाता है।

ये हैं विशेषताएं....

- उच्च दबाव वाले नोजल के माध्यम से पानी को इतनी महीन बूंदों में बदला जाता है कि वे धुआं जैसी दिखती हैं और सड़क पर जमी धूल को पूरी तरह खत्म कर देतीं हैं।
- यह धुंध हवा में तुरंत वाष्पित हो जाती है, जिससे आसपास की गर्मी सोख ली जाती है और तापमान कम हो जाता है।
- वाटर मिस्ट सिस्टम का उपयोग आग बुझाने के लिए भी किया जाता है, क्योंकि यह पानी की बूंदों का उपयोग करके आग की गर्मी को सोख लेता है और ऑक्सीजन की आपूर्ति को कम कर देता है।
- कम लागत में पूरा सिस्टम तैयार हो जाता है।
- हानिकारण गैसों का उपयोग किए बगैर वाटर मिस्ट टॉवर को खड़ा किया जाता है जो कि पर्यावरण के लिए अनुकूल रहता है।
- पारंपरिक छिड़काव प्रणालियों की तुलना में बहुत कम पानी खर्च करता है।